हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 4 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री


4
जनजातीय अधिकारों की सुरक्षा और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर







## नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं, कोटवारों ने सौंपा ज्ञापन

# चार माह से नहीं मिला वेतन, आर्थिक तंगी से जूझ रहा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कोटवारों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेशभर के जिलों और ब्लॉकों में सोमवार को एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इसी क्रम में बगीचा तहसील कार्यालय के बाहर भी कोटवारों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार प्रांजल मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नियमितीकरण, राजस्व विभाग में संविलियन, मानदेय वृद्धि, लंबित पारिश्रमिक के भुगतान सहित विभिन्न सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

बगीचा ब्लॉक अध्यक्ष अजय कुमार चौहान ने बताया कि कोटवारों को पिछले चार माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। बढ़ती महंगाई के बीच वर्तमान मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। जिला अध्यक्ष हमरोन बरवा ने कहा कि कोटवार वर्षों से शासन-प्रशासन और आम जनता की सेवा करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला। सेवा के दौरान मृत्यु, सेवानिवृत्ति अथवा त्यागपत्र की स्थिति में पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं होतीं, जिससे वृद्धावस्था में उनका जीवन असुरक्षित हो जाता है।



### संविलियन करने की मांग

ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय का भी उल्लेख किया गया, जिसमें 10 वर्ष से अधिक सेवा देने वाले अस्थायी कर्मचारियों के नियमितीकरण का हवाला देते हुए कोटवारों को राजस्व विभाग में संविलियन करने की मांग की गई।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

कोटवारों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में उपाध्यक्ष उमेश नायक, सचिव ललित राम चौहान, कोषाध्यक्ष विजय लकड़ा, सह सचिव कमलेश राम भगत, प्रवक्ता गोसनर मिंज, सलाहकार देवनिश तिग्गा, महामंत्री उग्रेशन चौहान तथा कार्यकारिणी सदस्य आनंद जगत सहित बड़ी संख्या में कोटवार उपस्थित रहे।

### क्या है कोटवारों की मांग

मानदेय बढ़ाने की मांग संघ ने ए श्रेणी के कोटवारों को 15 हजार रुपये, बी श्रेणी को 12 हजार रुपये, सी श्रेणी को 10 हजार रुपये तथा डी श्रेणी के कोटवारों को 8 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने की मांग की।अन्य प्रमुख मांगें कोटवारों ने नियुक्ति प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, कोटवारों के परिवार के सदस्यों को नियुक्ति में प्राथमिकता देने, बेगारी प्रथा समाप्त करने, बिना जांच और पक्ष सुने किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करने तथा नगर पालिका क्षेत्रों में कोटवारों की नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को हटाने की भी मांग की।

# झारखंड के रामगढ़ से कोरबा जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 10 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- तेज रफ्तार बस डायवर्सन पर अनियंत्रित होकर पलटी
- घायलों को कुनकुरी होली क्रॉस अस्पताल में किया गया दाखिल

जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगरपानी में शुक्रवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रामगढ़ (झारखंड) से कोरबा जा रही जय बाला ट्रैवल्स की यात्री बस सुबह करीब 3:30 बजे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने डायवर्शन में पलट गई। हादसे के समय बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे, जो गहरी नींद में थे। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और घटनास्थल पर अफरा- तफरी का माहौल बन गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। बस में फंसे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में 10 से अधिक यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कुनकुरी अस्पताल भेजा गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए राहत कार्य पूरा कराया। फिलहाल ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### बीमार मासूम को मिली 95 हजार की स्वास्थ्य सहायता

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल से गंभीर श्वसन रोग से पीड़ित मासूम रेणुका खलखो, जिला सरगुजा के उपचार का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में परिजनों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत रेणुका खलखो के उपचार के लिए 95,500 रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अनुशंसा पर राज्य नोडल एजेंसी द्वारा जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार यह राशि झारखंड के रांची स्थित रानी हॉस्पिटल में श्वसन संबंधी गंभीर बीमारी के उपचार हेतु प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मिली इस त्वरित स्वीकृति से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को बड़ी राहत मिली है। समय पर मिली इस सहायता से अब मासूम का बेहतर उपचार संभव हो सकेगा।



# यूरिया वितरण की 80 प्रतिशत की सीमा समाप्त

- कलेक्टर ने दुलदुला सहकारी समिति का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** खरीफ सीजन के मद्देनजर कलेक्टर रोहित व्यास ने विगत दिवस दुलदुला स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण कर खाद-बीज की उपलब्धता, कृषि ऋण वितरण तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर खेती-किसानी की तैयारियों की जानकारी ली तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यूरिया वितरण व्यवस्था में किए गए महत्वपूर्ण बदलाव से अवगत कराया। कलेक्टर रोहित व्यास ने किसानों को बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्व में लागू वह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है, जिसके तहत किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के उद्देश्य से सीमित मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया जाता था। अब नई व्यवस्था के अनुसार किसानों को खरीफ 2025 में प्राप्त यूरिया की मात्रा के बराबर खरीफ 2026 में भी यूरिया उपलब्ध कराया ⏭ शेष पेज 3 पर



### बारिश और गरज-चमक के दौरान बरतें सावधानी

**जशपुरनगर।** वर्षा ऋतु के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। नागरिकों से कहा गया है कि मौसम खराब होने, तेज गरज-चमक या बिजली कड़कने की स्थिति में लापरवाही न करें और तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, खेत, पहाड़ी क्षेत्र, नदी-तालाब एवं अन्य जलाशयों के आसपास जाने से बचें। साथ ही पेड़ों के नीचे खड़े न हों, क्योंकि आकाशीय बिजली गिरने का खतरा अधिक रहता है। ऐसी स्थिति में किसी पक्के भवन या पूरी तरह बंद वाहन में शरण लेना सुरक्षित उपाय है।

# कांसाबेल के ग्राम पूसरा में 240 बोरी खाद जब्त

- कांसाबेल और पत्थलगांव की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

**पत्थलगांव कांसाबेल।** कृषि विभाग कांसाबेल और पत्थलगांव की संयुक्त टीम के द्वारा गुरुवार की सुबह कांसाबेल के ग्राम पूसरा में 240 बोरी अवैध खाद क़ो जब्ती करते हुए गोदाम क़ो सील कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार खाद गोरखपुर उत्तरप्रदेश से ट्रक द्वारा ग्राम पूसरा लाया गया था। कृषि विभाग द्वारा ट्रक ड्राइवर से खाद के दस्तावेज मांगे जाने पर उसके द्वारा हरिहर यादव पिता महेश्वर राम यादव ग्राम पंडरीपानी पोस्ट भीतघरा तहसील बगीचा जिला जशपुर के नाम से दस्तावेज दिखाए। खाद किसी उदल कुमार के द्वारा ग्राम पूसरा में उतारा जा रहा था एवं पुलिस और कृषि विभाग की टीम के आने पर चालान और बिल क़ो ड्राइवर से छीन कर फरार हो गया। कृषि विभाग द्वारा खाद क़ो जब्त करते हुए सील कर दिया गया है और प्रकरण बना कर कलेक्टर जशपुर क़ो भेजा गया है। ट्रक क़ो सुरक्षागत कारणों से थाना में रखा गया है। उक्त खाद से नमूना रखा गया है जिसे लैब टेस्ट के लिए भेजा जाएगा। कृषि विभाग की कार्रवाई में आरके पैंकरा एसडीओ कृषि पत्थलगांव, ⏭ शेष पेज 3 पर








# फिर कॉमेडी करने आ रहे हैं अनु उत्तर दा पुत्तर का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अनु कपूर अपनी अलग तरह की अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। कई फिल्मों में उन्होंने शानदार कॉमेडी की है। अब वह एक नई फिल्म में फिर से कॉमेडी करने वाले हैं। यह फिल्म है 'उत्तर दा पुत्तर'। गुरुवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। ट्रेलर में इमोशन, ट्विस्ट और मनोरंजन का मिश्रण देखने को मिल रहा है। एक मिनट 48 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनु कपूर भौतिक विज्ञान के अध्यापक हैं। वह गृह और वास्तु को मानते हैं। इसके चलते उनको मुश्किल होती है। वह अपने दोस्तों को अच्छी सलाह देते हैं, मगर खुद परेशान रहते हैं। कहानी 'कर्म बड़ा या किस्मत?' के सवाल के आस-पास घूमती है।

लाइफ Style



# तमन्ना सुहावने मौसम का उठाया आनंद

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का बारिश वाला वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। एक्ट्रेस बारिश में भीगकर इंजॉय करती दिख रही हैं, लेकिन उनके वीडियो को देखकर उनकी दोस्त और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी काफी निराश हो गईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर मुंबई की झमाझम बारिश का एक वीडियो शेयर किया। क्लिप में तमन्ना बारिश देखकर बेहद एक्साइटेड दिखीं, इसके बाद वो बारिश में भीगने लगीं और सुहावने मौसम का पूरा आनंद उठाया। थोड़ी देर बाद उन्होंने कैमरे पर कहा, 'अब मुझे ठंड लग रही है। मैंने मजे-मजे में यह कर तो लिया।' पोस्ट के कैप्शन में तमन्ना ने लिखा, 'मुझे भी अभी ठंड लग रही है।' राशा थडानी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए तमन्ना से पूछा, 'आपने मेरे बिना ऐसा क्यों किया?' राशा का यह कमेंट अब फैंस के बीच खूब वायरल हो रहा है। दोनों एक्ट्रेसेस के बीच लंबे समय से अच्छी दोस्ती मानी जाती है, जिस वजह से राशा का कमेंट और भी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। अब तमन्ना के आने वाले प्रोजेक्ट्स की बात करेंतो वह जल्द ही मोस्ट अवेटेड ड्रामा 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में दिखेंगी, जिसमें पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म को लेकर उम्मीद है कि ये 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। माना जा रहा है कि लोक कथाओं पर आधारित यह थ्रिलर फिल्म मध्य भारत के जंगलों के बैकग्राउंड पर बनी है।

## हॉलीवुड मसाला




# फ्रैंकी ने की तलाक की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** फ्रैंकी मुनिज हॉलीवुड फिल्मों के जाने-माने अभिनेता हैं। अभिनेता ने गुरुवार को अपने तलाक की खबर फैंस के साथ सोशल मीडिया पर साझा की है। शादी के 6 साल बाद वह अपने पत्नी से अलग हो गए हैं। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में फ्रैंकी मुनिज ने लिखा, 'लाइफ अपडेट। साथ में कई खूबसूरत साल बिताने के बाद हम दोनों में ऐसे बदलाव आए हैं जिनसे हमें अहसास हुआ कि हमारा रिश्ता एक गहरी दोस्ती और को-पैरेंट्स के तौर पर सबसे ज्यादा नैचुरल और मजबूत लगता है। हमारा एक बहुत प्यारा बेटा है जो हमारी दुनिया है।




# किम के बेटे साल्म का हॉलीवुड डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार किम कार्दशियन के छोटे बेटे साल्म वेस्ट ने हॉलीवुड में कदम रख लिया हैं। वह आने वाली एनिमेटेड फिल्म 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' में 'ओली' के किरदार को अपनी आवाज दी है। अपने शो 'द कार्दशियंस' के एक एपिसोड में किम ने बताया कि जब इस फिल्म के लिए उनके बेटे को चुना गया, तो वह बहुत खुश हुए। किम ने अपने बेटे के बारे में बात करते हुए कहा, 'साल्म बहुत ही समझदार और नटखट बच्चा है। उसकी आवाज बहुत प्यारी है। जब मेकर्स ने फोन करके पूछा कि क्या साल्म एक नए पक्षी के किरदार को आवाज देना चाहेंगे, तो वह बेहद उत्साहित हो गए।' साल्म वेस्ट फिल्म 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' में 'ओली' नाम के एक छोटे चूजे को अपनी आवाज दी हैं। इस फिल्म में पुराने और मशहूर किरदार जैसे रेड, चक और बॉम्ब भी वापस लौट रहे हैं।



# सोनी ने साझा की चार पीढ़ियों की तस्वीर


**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की नई एक्शन फिल्म अल्फा 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म की रिलीज से ठीक एक दिन पहले गुरुवार को आलिया की मां और अभिनेत्री सोनी राजदान ने सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारी और भावुक पोस्ट साझा की है। सोनी ने इंस्टाग्राम पर एक खास तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में उनके परिवार की चार पीढ़ियां एक साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में आलिया भट्ट की 97 साल की नानी, आलिया की मां सोनी राजदान, खुद आलिया और आलिया की बेटी राहा कपूर नजर आ रही हैं। सोनी ने अपनी 97 साल की मां को असली 'ओजी यानी अल्फा वुमन' बताया। उन्होंने अपनी मां के बचपन के मुश्किल दिनों को याद करते हुए लिखा, 'मेरी मां जब सिर्फ 6 साल की थीं, तब उन्हें नाजी जर्मनी छोड़कर जाना पड़ा था।



# होते-होते प्यार हो गया का मनाया जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म 'होते होते प्यार हो गया' 2 जुलाई 1999 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। गुरुवार को फिल्म की रिलीज के पूरे 27 साल हो गए हैं। इस खुशी के मौके पर जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर अपनी इस फिल्म की कुछ खास तस्वीरें साझा की हैं। इस खास मौके पर जैकी श्रॉफ ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'होते होते प्यार हो गया' की खूबसूरत तस्वीरों को मिलाकर एक छोटा सा वीडियो मोंटाज साझा किया है। वीडियो के साथ जैकी ने फिल्म का टाइटल सॉन्ग भी लगाया है। 'होते होते प्यार हो गया' फिल्म दो ऐसे अनजान लोगों की कहानी थी, जिनकी अचानक शादी हो जाती है और फिर धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो जाता है। इस फिल्म को फिरोज ईरानी ने निर्देशित किया था।

## टीवी मसाला



# रुपाली ने साझा की साराभाई वर्सेस साराभाई की पुरानी यादें

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली ने दिग्गज अभिनेता सतीश शाह को याद करते हुए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की है। यह पोस्ट उनके टीवी सीरियल 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की पुरानी यादों को ताजा करती है। रुपाली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खास वीडियो साझा किया है। इस वीडियो के साझा करते हुए रुपाली बहुत भावुक हो गईं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'उन्हें (सतीश शाह) को बहुत-बहुत याद करती हूं।' 'साराभाई वर्सेस साराभाई' शो में सतीश शाह ने 'इंद्रावदन साराभाई' का और रुपाली गांगुली ने उनकी बहू 'मोनिशा' का किरदार निभाया था। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। यह एक कॉमेडी शो था। टीवी सीरियल 'साराभाई वर्सेस साराभाई' में दिखाया गया कि अमीर परिवार के होने के बावजूद, इंद्रावदन हमेशा अपनी मिडिल-क्लास बहू मोनिशा का साथ देते थे। जब भी इंद्रावदन की पत्नी माया साराभाई (रत्ना पाठक शाह) मोनिशा को उसके सलीके के लिए टोकती थीं, तो इंद्रावदन मोनिशा के ढाल बनकर खड़े हो जाते थे। दोनों की यह नोक-झोंक दर्शकों को बहुत पसंद आती थी। 'साराभाई वर्सेस साराभाई' सुपरहिट कॉमेडी शो साल 2004 से 2006 तक टीवी पर आया था। साल 2017 में इसका दूसरा सीजन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ था। इस शो में सतीश शाह, रत्ना पाठक शाह, रुपाली गांगुली, सुमित राघवन और राजेश कुमार ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सतीश शाह बॉलीवुड और टीवी जगत के बहुत बड़े कलाकार थे।

## कोई ऐसे आदमी से शादी नहीं करेगा : श्रेया

**नई दिल्ली।** बीते दिनों जब हर्षद चोपड़ा रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में शामिल हुए तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक बड़ा राज सबके सामने खोला। यह राज जानकर फैंस भी दंग थे। वहीं, एक दूसरी प्रतियोगी श्रेया कालरा 'लॉकअप 2' में हर्षद को लेकर अजीब बयान दे रही हैं। उनका कहना है कि जिस तरह का व्यवहार हर्षद का है, ऐसे में कोई लड़की उनसे शादी नहीं करेगी। इस बात से हर्षद के फैंस नाराज हो गए हैं और श्रेया को सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। एक वायरल वीडियो में श्रेया 'लॉकअप 2' की एक प्रतियोगी से कहती हैं, 'हर्षद का सीरियल नहीं चला, उसने सोचा शो में आएगा तो फैंस से कनेक्ट हो जाएगा। वह बहुत घमंडी है, बाहर भी उसका ऐसा ही व्यवहार है। कोई ऐसे आदमी से शादी नहीं करेगा।'



# आज रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज ओटीटी और थिएटर पर होगा धमाका...

**नई दिल्ली।** सिनेमा प्रेमियों के लिए 3 जुलाई का दिन बेहद खास होने वाला है! इस शुक्रवार को न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बड़े स्टार्स डिजिटल डेब्यू कर रहे हैं, बल्कि सिनेमाघरों में भी तगड़ी एक्शन, सस्पेंस और एडवेंचर फिल्में रिलीज हो रही हैं। अगर आप भी वीकेंड को मजेदार बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो थिएटर से लेकर ओटीटी तक की इस पूरी लिस्ट को देख लें।

**अल्फा :** 'वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स' की ये पहली फीमेल सेंट्रिक फिल्म है। इस फिल्म में दो महिला जासूसों को एक खतरनाक दुश्मन के खिलाफ मजबूरी में हाथ मिलाना पड़ता है और इस मिशन के लिए ऋतिक रोशन उन्हें ट्रेन करते हैं। एक्टर्सः आलिया भट्ट, शरवरी वाघ, अनिल कपूर, बॉबी देओल और ऋतिक रोशन, डायरेक्टरः शिव रवैल, जॉनरः स्पाई एक्शन-थ्रिलर, थिएटर रिलीज।

**नागाबंधमः द सीक्रेट ट्रेजर :** ये फिल्म भारत के प्राचीन विष्णु मंदिरों और वहां से जुड़े रहस्यमयी 'नागाबंधम' अनुष्ठान के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में छिपी हुई परंपराओं, आध्यात्मिक शक्तियों और इतिहास के उन गहरे रहस्यों को दिखाया गया है, जो हमारी आस्था से जुड़े हैं। एक्टर्सः विराट कर्णा, नाभा नटेश, महेश



मांजरेकर, जगपति बाबू, डायरेक्टरः अभिषेक नामा, जॉनरः एक्शन एडवेंचर / मिस्ट्री ड्रामा, थिएटर रिलीज (तेलुगू, हिंदी, कन्नड़ आदि)।

**बेबी डो डाई डो :** मुंबई की भागदौड़ के बीच, एक मूक-बधिर महिला कॉन्ट्रैक्ट किलर के रूप में दोहरी जिंदगी जी रही है, जिसे हत्याएं करते समय केवल अपनी मृत बहन की आवाज सुनाई देती है। लेकिन, जब उसका एक मिशन गलत हो जाता है, तो उसके अतीत के काले राज और गहरे धोखे सामने आने लगते हैं। एक्टर्सः हुमा कुरैशी, चंकी पांडे, सिकंदर खेर, सीमा पाहवा, विद्या मालवड़े, डायरेक्टरः नचिकेत सामंत, जॉनरः साइकोलॉजिकल थ्रिलर / मर्डर मिस्ट्री, थिएटर रिलीज।

**प्रीतम एंड पेड्रो :** मशहूर डायरेक्टर राजकुमार हिरानी इस सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। कहानी में वीर एक टेक-सेवी साइबर एक्सपर्ट 'प्रीतम' बने हैं, जबकि अरशद वारसी पुराने जमाने के पुलिस अधिकारी 'पेड्रो' हैं। इन दोनों की बेमेल जोड़ी एक हाई-प्रोफाइल किडनैपिंग केस को सुलझाने और विक्रांत मैसी जैसे खतरनाक साइबर क्रिमिनल को पकड़ने के लिए साथ आती है। एक्टर्सः वीर, अरशद वारसी, विक्रांत मैसी, डायरेक्टरः राजकुमार हिरानी (क्रिएटर और प्रोड्यूसर), जॉनरः साइबरक्राइम कॉमेडी-ड्रामा, ओटीटीः जियोहॉटस्टार।

**मॉलीवुड टाइम्स :** ये कहानी कुट्टिक्कनम के एक युवा फिल्म निर्माता विनीत माधवन की है। विनीत का सपना हॉलीवुड डायरेक्टर एम. नाइट श्यामलन से प्रेरित होकर मलयालम सिनेमा का सबसे बड़ा हॉरर डायरेक्टर बनने का है। एक्टर्सः नसलिन, शराफ यू धीन, विनीत श्रीनिवासन, संगीत प्रताप, बासिल जोसेफ (कैमियो), डायरेक्टरः अभिनव सुंदर नायक, जॉनरः साइकोलॉजिकल डार्क कॉमेडी, ओटीटीः जियोसिनेमा।

# रामायणम के ट्रेलर से लीक हुआ 11 सेकेंड का अहम सीन!

**मुंबई।** नितेश तिवारी की बिग बजट फिल्म 'रामायणम्' की रिलीज का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वो रणबीर कपूर को भगवान राम और यश को लंकापति रावण के किरदार में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। पर इसी बीच फिल्म के ट्रेलर से 11 सेकेंड का एक सीन लीक हो गया है, जिसे देख फैंस भड़क गए हैं और एक्शन की मांग कर रहे हैं। हालांकि, अभी लीक को लेकर 'रामायणम्' के मेकर्स की तरफ से कोई बयान या प्रतिक्रिया नहीं आई है। एक्स पर वायरल हो रहे वीडियो में रणबीर कपूर राम के अवतार में हैं और वह एक राक्षस का वध करते नजर आ रहे हैं। यूजर्स का दावा है कि यह सीन कथित तौर पर फिल्म 'रामायणम' के ट्रेलर का हिस्सा है, जिसे हाल ही सिनेमाकॉन इवेंट में दिखाया गया था। यूजर्स भड़के हुए हैं लीक पर एक्शन की मांग कर रहे हैं। हालांकि, कुछ यूजर्स का यह भी कहना है कि लीक हुआ सीन असली नहीं है, बल्कि एआई जेनरेटेड है। इसका उन्होंने पूरा वीडियो भी शेयर किया है। कई यूजर्स ने इस एआई वीडियो को 'रामायणम्' के ओरिजनल टीजर और 'आदिपुरुष' से 100 गुना बेहतर



बताया। मालूम हो कि 'रामायणम्' के टीजर को अप्रैल में हनुमान जयंती के मौके पर रिलीज किया गया था। तब फिल्म से राम के किरदार में रणबीर कपूर की झलक दिखाई गई थी। रावण बने यश भी नजर आए थे। पर टीजर को मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म के वीएफएक्स कुछ खास पसंद नहीं किए गए थे। आपने अब तक जो देखा है, वह तो बस शुरुआत है... हम सब इस दिवाली पर अपनी संस्कृति और इतिहास का जश्न मनाने के लिए अपनी इस महागाथा को सबसे बड़े पर्दे पर जीवंत करने की कोशिश कर रहे हैं। 'रामायणम्' को दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा। पहला पार्ट 8 नवंबर 2026 को रिलीज होगा, जबकि दूसरा पार्ट दीवाली 2027 पर आएगा।

## सच्ची घटना पर है आधारित, 183 करोड़ में बनी, कमाए 1050 करोड़

# वो फिल्म जिसे बनने में लगे 20 साल, 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीत रचा इतिहास

*नई दिल्ली। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक हर साल न जानें कितनी फिल्में बनती हैं। इन फिल्मों के बनने के साथ ही इसके साथ कई किस्से भी जुड़े होते हैं। फिल्म बनने से लेकर उसके थिएटर रिलीज तक को लेकर फैंस के बीच में काफी एक्साइटमेंट रहती है। वहीं, किसी भी फिल्म के अवॉर्ड मिलना एक बड़ी बात है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बनने में ही 20 साल लग गए। हालांकि, इसका ये इंतजार बेकार नहीं गया, इस फिल्म ने रिलीज के बाद इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने एक दो नहीं बल्कि, 11 में से 8 ऑस्कर अवॉर्ड्स जीते। ये फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है।*



### रिचर्ड एटनबरो ने किया था निर्देशन

हम बात कर रहे हैं साल 1982 में आई फिल्म 'गांधी' की। ये कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं, बल्कि हॉलीवुड फिल्म है। 'गांधी' एक हॉलीवुड मूवी है। इस ब्रिटिश-इंडो फिल्म का निर्देशन रिचर्ड एटनबरो ने किया था। ये भले ही ये एक हॉलीवुड मूवी हो, लेकिन इसमें ज्यादातर काम बॉलीवुड स्टार्स ने किया है। ये फिल्म काफी सुर्खियों में रही थी।

### गांधी का रोल कर चमकी बेन किंग्सले की किस्मत

साल 1982 में आई ब्रिटिश-इंडो फिल्म 'गांधी' में फिल्म में बेन किंग्सले ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का किरदार निभाया और वो इस किरदार में ऐसे चमके कि हर कोई देखता रह गया था। इस फिल्म ने बेन को एक खास और अलग पहचान दिलाई। उनकी परफॉर्मेंस के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का ऑस्कर भी मिला था।

***बजट से कई गुना ज्यादा की कमाई :*** फिल्म 'गांधी' को लगभग 183 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था। इसने उत्तरी अमेरिका में इसने करीब 52.7 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाई की। वहीं, 'गांधी' ने दुनिया भर में लगभग 127.8 मिलियन डॉलर की कमाई की यानी भारतीय करेंसी में फिल्म ने उस वक्त दुनियाभर में करीब 1050 करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म को क्रिटिकल के शानदार रिव्यू मिले हैं।

### इन बॉलीवुड सितारों ने निभाया अहम रोल

मूवी में रोहिणी हट्टंगड़ी ने फिल्म में 'कस्तूरबा गांधी' किरदार निभाया। इसके अलावा अमरीश पुरी ने फिल्म में 'खान' के किरदार में नजर आए। वहीं, फिल्म में रोशन सेठ (नेहरू), सईद जाफरी (पटेल) और ओम पुरी जैसे दिग्गज कलाकार भी लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहे। यही वजह है कि गांधी के चलते भारत की झोली में ऑस्कर आया और ये फिल्म हमेशा के लिए यादगार बन गई। इस फिल्म को आईएमडीबी 8 रेटिंग मिली है। इस फिल्म ने 1983 के 55वें एकेडमी अवॉर्ड्स में धूम मचा दी थी। फिल्म 11 श्रेणियों में नॉमिनेट हुई थी और इसने 8 ऑस्कर जीते।

## खबर संक्षेप

### सरगुजा रामायण शोध पीठ एवं कालीदास शोध संस्थान खोलने की मांग, सीएम को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिला पुरातत्व समिति के सदस्य एवं भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने रामगढ़ प्रवार पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन



सौंप सरगुजा में रामायण शोधपीठ एवं कालीदास शोध संस्थान स्थापित करने की मांग की है। श्री दुबे ने बताया कि सरगुजा भगवान श्रीराम के वनवास काल से जुड़ा है साथ ही अनेक पुरातत्व अवशेषों से भगवान श्रीराम के दीर्घ वनवास का साक्षी रहा है। सरगुजा की ऐतिहासिक भूमि विश्व साहित्य में संस्कृत कविकुल गुरू महाकवि कालीदास रचित मेघदूत की प्रेरणा स्थली रही है। सरगुजा की पावनभूमि पर रामायाण शोध पीठ एवं कालीदास शोध संस्थान की स्थापना से हमारी प्राचीन परंपराओं का संरक्षण होगा साथ ही छत्तीसगढ़ को वैश्विक सांस्कृतिक मानचित्र पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि सांस्कृति विरासत का संरक्षण सरगुजा रामायण के वनवासी चरित्रों की साक्षात स्मृति है जहां श्रीराम लक्ष्मण एवं माता सीता ने वनवास व्यतीत किया। कालीदास ने यही से प्रेरित होकर मेघदूत की रचना की जो संस्कृत साहित्य का अमर रत्न है। शोध संस्थानों से इन ऐतिहासिक तथ्यों का दस्तावेजीकरण एवं संरक्षण संभव होगा जो भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। रामायण पीठ एवं कालिदास अकादमी सरगुजा को धार्मिक, साहित्यिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनायेंगे। अयोध्या रामेश्वरम आदि के साथ सरगुजा को जोड़कर लाखों श्रद्धालु एवं साहित्य प्रेमी आकर्षित होंगे जिससे रोजगार सृजन एवं राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। ये संस्थान रामायण अध्ययन, संस्कृत साहित्य एवं आदिवासी संस्कृति पर शोध को प्रोत्साहित करेंगे। विश्वविद्यालयों से संबद्ध कोर्स कार्यशालाएं एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ा जा सकेगा जिससे छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक शिक्षा का विशिष्ट केंद्र बनेगा।

### गोंडवाना पब्लिक स्कूल केतका में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत केतका स्थित गोंडवाना पब्लिक स्कूल में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा और बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय संचालक ने बताया कि गोंडवाना पब्लिक स्कूल क्षेत्र का ऐसा पहला विद्यालय है, जो अत्यंत गरीब एवं पिता-विहीन बच्चों की शिक्षा का संपूर्ण खर्च वहन करता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार जो अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना चाहते हैं, वे इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। विद्यालय के इस सामाजिक सरोकार की स्थानीय लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में प्रधान पाठक चंद्रमणि सिंह, सहायक शिक्षक अनिल देवांगन, टिंवकल मरावी, रामबिहारी सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

### नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत



**सीतापुर।** संकुल केंद्र लीचिरमा के प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराने के बाद शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि स्कूल विद्या का मंदिर कहा जाता है। यहां बच्चों को शिक्षक शिक्षित करने के साथ साथ संस्कार एवं मर्यादा का पालन करना सिखाते है।ताकि बच्चे भविष्य में बड़े होकर समाज निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा सके। उन्होंने बच्चे के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शाला प्रवेश पर अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान शासन की योजना अनुरूप सभी स्कूली बच्चों को निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक कॉपी पेन वितरित किया गया।इस अवसर पर जनपद सदस्य सूर्या पैंकरा, भाजपा नेता अनुज एक्का, आरडी चौहान, सरपंच दलबीर टोप्पो समेत शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक एवं स्कूली छात्र उपस्थित थे।

### पेट दर्द व उल्टी करने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत पीपरपारा निवासी लव कुमार आ. राम अवतार (19 वर्ष) 1 जुलाई की शाम परिजन को सोनगरा बाजार घुमने जाने की बात कहकर निकला था। युवक देर रात लगभग 2.30 बजे घर पहुंचा और परिजन को पेट में दर्द होने की शिकायत की साथ ही उल्टी करने लगा। कुछ समय बाद ही युवक की हालत गंभीर हो गई। परिजन युवक को तत्काल निजी साधन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### दो किमी सड़क पर जगह- जगह बन गए गड्ढे

# बतौली-बगीचा मार्ग जर्जर, जगह-जगह बने गड्ढों ने बढ़ाई राहगीरों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली- बगीचा सड़क की मरम्मत नहीं होने से सड़क की हालत न सिर्फ दयनीय हो गई है बल्कि मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम है कि सड़क पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क मरम्मत की स्वीकृति व राशि उपलब्ध होने के बावजूद कछुआ चाल से हो रहे निर्माण ने क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे में क्षेत्र के लोग जर्जर सड़क पर आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**
- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

बतौली बगीचा के राजकीय राजमार्ग इन दिनों राहगीरों के लिए काफी खतरनाक हो गया है। जहां हर रोज जान जोखिम में डाल कर राहगीर आवागमन करने मजबूर है। मार्ग के 2 किलोमीटर सड़क की हालत इस कदर दयनीय हो गई है कि सड़क पर गड्ढों में तब्दील हो चुका है और 10 मिनट का सफर भी राहगीरों के लिए लंबी दूरी नजर आते है। बतौली बगीचा राजकीय राजमार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए शासन द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग को बतौली से बगीचा जशपुर तक 16 किलोमीटर नई सड़क की स्वीकृति प्रदान की गई है। ठेकेदार द्वारा लगभग 33 करोड़ की स्वीकृति राशि से अप्रैल से कार्य करना शुरू किया गया है जो साइड सोल्डर की सफाई व पुराने सड़क को उखाड़ने तक ही सीमित रहा गया। ऐसे में कछुआ गति से हो रहे निर्माण से लोगों को सफर करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी का बात है कि बतौली राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटे राजकीय राजमार्ग बतौली-बगीचा सड़क पर बने गड्ढे से स्कूल, कालेज के छात्र छात्राओं सहित लोगों को हर रोज इस एकांगी मार्ग में आवागमन करने को मजबूर है। डबरी के आकार के बड़े गड्ढे, उड़ती धूल से हर रोज जूझना पड़ता है। लोगों का कहना है कि सीएम साय के जब भी जशपुर में कार्यक्रम आयोजित की जाती है तो संबंधित अधिकारियों सहित भाजपा नेता इसी मार्ग से होकर गुजरते है लेकिन सड़क की धीमी निर्माण गति और बतौली से बिलासपुर तक जर्जर सड़क की हालत नजर नहीं आती। इसके बावजूद विभाग के आला अधिकारियों सहित ठेकेदार वैकल्पिक सड़क की कारगर पहल नहीं की जिससे लोग जान जोखिम में डाल आवागमन करने को विवश है।



गड्ढों में तब्दील बतौली-बगीचा मार्ग।

#### आए दिन होती है दुर्घटना

बतौली-बगीचा मार्ग के दो किमी सड़क काफी जर्जर हो गई है। बारिश के बाद से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है जिससे दो पहिया वाहन चालक को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कुछ दिनों पूर्व बतौली बगीचा मार्ग से ट्यूशन के लिए ग्राम बिलासपुर जा रहा छात्र दुर्घटना का शिकार हो गया था जिससे उसकी मौत हो गई। मार्ग के जर्जर होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

#### अधिकारी व ठेकेदार परेशान

नई सड़क की स्वीकृति मिलने के पूर्व से अब तक सड़क पर बने जगह-जगह बड़े गड्ढे में लगभग 15 हाईवा जेएसबी गिट्टी डाला जा चुका है। इसके बाद भी सड़क में गड्ढे हो जा रहे है जिसे लेकर विभाग अधिकारी व ठेकेदार 1 किलोमीटर के दायरे में गड्ढे को भर भर के परेशान है लेकिन कोई उचित समाधान नहीं मिल रहा है।

#### लोगों को करना चाहिए सहयोग

विभाग द्वारा जेएसबी गिट्टी डालने के बाद भी सड़क में गड्ढे हो जा रहे है। क्षेत्र के लोग पाइप निकालकर सड़क में पानी डाल उड़ती धूल से राहत पाना चाहते है लेकिन यह पानी विभाग के लिए मुसीबत बन गया है। सड़क के गड्ढों भरने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। सड़क निर्माण में क्षेत्र के लोगों सहयोग करना चाहिए।

-प्रकाश सिन्हा, एसडीओ

### मनरेगा को कमजोर कर सरकार ग्रामीण भारत की रीढ़ तोड़ने का कर रही काम : परवेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को धीरे-धीरे कमजोर कर ग्रामीण भारत के करोड़ों गरीब परिवारों के रोजगार, सम्मान और आजीविका पर सीधा हमला कर रही है। एक तरफ 1 जुलाई से नई योजना वीबी जी राम जी लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कांग्रेस की दूरदर्शी सोच और सामाजिक न्याय की अवधारणा का परिणाम है, जिसने गांवों में रोजगार की गारंटी देकर करोड़ों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की। आज उसी योजना को बजट में कटौती, भुगतान में देरी और नई प्रशासनिक बाधाओं के माध्यम से कमजोर किया जा रहा है।



परवेज गांधी ने कहा कि मनरेगा ने देश के गांवों में केवल रोजगार ही नहीं दिया, बल्कि जल संरक्षण, तालाब निर्माण, सड़क, सिंचाई, भूमि सुधार और सामुदायिक विकास जैसे हजारों स्थायी कार्यों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। कोरोना महामारी के दौरान जब लाखों मजदूर शहरों से अपने गांव लौटे थे, तब मनरेगा ने ही उन्हें सम्मानजनक रोजगार देकर उनके परिवारों को भूख और आर्थिक संकट से बचाया। यह योजना ग्रामीण भारत की जीवनरेखा बनकर उभरी थी। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद केंद्र सरकार का रवैया लगातार मनरेगा विरोधी रहा है। मोदी सरकार ने लोकसभा में जवाब दिया है मार्च 2026 तक विभिन्न 34 राज्यों का 17,144.13 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान लंबित होना इस बात का प्रमाण है कि सरकार गरीब मजदूरों की मेहनत और उनके अधिकारों के प्रति गंभीर नहीं है। परवेज़ गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि मनरेगा को मजबूत किए बिना ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त नहीं बनाया जा सकता। कांग्रेस लंबे समय से मनरेगा मजदूरों के लिए प्रतिदिन न्यूनतम 400 रूपए रुपये मजदूरी की मांग करती रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी से मांग की कि मनरेगा का समस्त लंबित भुगतान तत्काल जारी किया जाए, मजदूरों की दैनिक मजदूरी बढ़ाकर कम से कम 400 रूपए की जाए, योजना का बजट बढ़ाया जाए, राज्यों पर डाला गया अतिरिक्त वित्तीय बोझ समाप्त किया जाए तथा मनरेगा को कमजोर करने वाले सभी प्रावधान तत्काल वापस लिए जाएं।

### कोचिंग फैकल्टी हेतु आमंत्रित प्रस्तावों के प्रारूप में आंशिक संशोधन

अम्बिकापुर। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना अंतर्गत संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर शैक्षणिक सत्र 2026-27 के कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाईन रूचि की अभिव्यक्ति' का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया था। जिसमें 'वित्तीय प्रस्ताव-भाग तीन एफबी-1 (तृतीय लिफाफा हेतु)' निर्धारित फॉर्मेट में आंशिक संशोधन किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

## माउंट लिट्रा जी में मालवीय मिशन के आदर्श विषय पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में गुरुवार को मालवीय मिशन के आदर्श विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मालवीय मिशन के अध्यक्ष ब्रह्मा शंकर सिंह, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रणविजय तोमर, महासचिव जयप्रकाश चौबे, सचिव सुरेन्द्र गुप्ता तथा संरक्षक माधव शर्मा शामिल हुए।

विद्यालय के निदेशकगण केपी दीक्षित, उत्तम सिंह सिसोदिया, भारत सिंह सिसोदिया, राजीव अग्रवाल, दीपेश गुप्ता, प्रतीक दीक्षित एवं नितेश मेहता के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान मिशन के अध्यक्ष ब्रह्मा शंकर सिंह जी ने कहा कि मालवीय जी का जीवन सत्य, सेवा, शिक्षा और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक उदाहरण है। हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों का विकास भी है। रणविजय तोमर ने विद्यार्थियों से अनुशासन, सेवा-भाव, संस्कार एवं राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने मालवीय मिशन के मूल आदर्शों- चरित्र निर्माण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का संरक्षण, सामाजिक समरसता, सेवा-भाव तथा नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वर्षा अग्रवाल ने सभी अतिथियों, निदेशक महोदय एवं निदेशिका महोदया के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जीवन ज्योति हॉस्पिटल में मनाया गया डॉक्टर्स-डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जीवन ज्योति हॉस्पिटल में भी राष्ट्रीय डॉक्टर्स-डे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक व लगभग 40 वर्षों से रही मरीज श्रीमती मुखरानी देवी थी। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन डॉ. जेके सिंह,डॉ.एमपी अग्रवाल, डॉ.आकाश सिंह, डॉ. स्नेहा सिंह,डॉ.एमके तिवारी, डॉ. विनय कार्निक, डॉ. धनुष कुमार, डॉ. अनुराग सिंह,डॉ. उत्तम सिंह तथा डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर चेयरमेन डॉ. जेके सिंह ने सभी डॉक्टर्स को निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर मरीजों की स्वास्थ्य सेवा हेतु एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज अच्छा अस्पताल बनाने के लिए अच्छी मशीनों की भी आवश्यकता है। पेंशनर समाज के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने कहा कि जीवन ज्योति हॉस्पिटल जिले के लिए एक ऐसा नाम है जहां उन्हें विश्वास है कि जीवन की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि डॉ. जेके सिंह एवं एमपी अग्रवाल जिले के लिए एक हस्ताक्षर है। नर्सिंग स्टाफ द्वारा डॉक्टरों के प्रति कार्य की जागरूकता को लेकर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी डॉक्टर्स के लिये एक हाथ से लड्डू बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें डॉ. जेके सिंह एवं डॉ. उत्तम सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बूंदी से लड्डू बनाना सबको जोड़कर रखने का प्रतीकात्मक संदेश था ताकि सभी जब मिलकर ईमानदारी से प्रयास करेंगे तो जीवन ज्योति हॉस्पिटल और भी ऊंचाई प्राप्त करेगा। कार्यक्रम का संचालन सीईओ डॉ. संतोष द्वारा किया गया एवं श्रीमती संध्या सिंह ने किया। सीईओ ने डॉक्टर्स डे मनाने की परंपरा का प्रारंभ कैसे हुआ, इस विषय पर प्रकाश डाला। श्रीमती रोज़ थामस द्वारा डॉक्टर्स के सात महत्वपूर्ण गुणों का विस्तारपूर्वक व्याख्या किया। ओपीडी के स्टाफ द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। श्रीमती मंजूषा शर्मा मैट्रन द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मुखरानी देवी ने डॉ. जेके सिंह की सराहना करते हुए कहा कि जीवन ज्योति हॉस्पिटल आज समाज के लिए एक विश्वसनीय अस्पताल है।

## वर्षा ऋतु में बढ़ जाता है पशुओं में संक्रामक रोगों का खतरा, सावधानी : मिश्रा

**अंबिकापुर।** वर्षा ऋतु में अधिक नमी एवं जलभराव के कारण पशुओं में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में पशु शेड-आवास गीला रहने से वायरस, बैक्टीरिया, मच्छर एवं मक्खियों का प्रकोप बढ़ता है, जिससे पशुधन के स्वास्थ्य एवं उत्पादन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः पशुपालकों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। पशु पालन विभाग के अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. सीके मिश्रा ने बताया कि पशुपालकों को सलाह दी जाती है कि पशु शेड के फर्श को हमेशा सूखा रखें तथा पानी का जमाव न होने दें। शेड में पर्याप्त संख्या में खिड़कियां एवं दरवाजे होने चाहिए, ताकि हवा का समुचित आवागमन बना रहे। पशु शेड के आसपास की नालियों को नियमित रूप से साफ रखें, जिससे गंदा पानी, गोबर एवं मूत्र का जमाव न हो। जलभराव एवं गंदगी से वायरस, बैक्टीरिया



तथा मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ता है, जिससे पशुओं में रोग फैलने की संभावना अधिक रहती है। पशुओं को हमेशा साफ एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएं। शेड के पास एक पात्र या टब में स्वच्छ पानी भरकर रखें, ताकि पशु बाहर निकलने पर बरसात के गड्ढों में भरे दूषित पानी को न पिएं। दूषित पानी पशुओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। वर्षा ऋतु में पशुओं को संतुलित आहार देना आवश्यक है। इस मौसम में हरा चारा आसानी से उपलब्ध रहता है,

## पृष्ठ 1 का शेष

### झारखंड के रामगढ़...

पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

एक महिला की हालत नाजुक- प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में जशपुर निवासी शोभंती भगत (50 वर्ष) एवं उनकी पुत्री रीमा भगत (23 वर्ष) भी घायल हुई हैं। इनमें से एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए होली क्रॉस अस्पताल, कुनकुरी में भर्ती कराया गया है। हालांकि गंभीरता की आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

### यूरिया वितरण की...

जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी समय सहकारी समिति में यूरिया का स्टॉक कम होने के कारण कोई किसान अपनी पात्रता के अनुसार पूरी मात्रा प्राप्त नहीं कर पाता है, तो समिति में स्टॉक उपलब्ध होते ही शेष मात्रा भी उसे प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को खेती के दौरान उर्वरक की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा और समय पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने समिति में पंजीकृत किसानों की संख्या, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से वितरित कृषि ऋण, खाद-बीज की उपलब्धता तथा वर्तमान स्टॉक की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को खाद, बीज एवं कृषि ऋण समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो।

आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण तेज- जिले में यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में दुलदुला एवं बंदरचुवा में आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को दोनों निर्माणाधीन बस स्टैंडों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बस स्टैंड परिसर में बन रही दुकानों, शौचालय, यात्री सुविधाओं एवं अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को लंबे समय तक बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### कांसाबेल के ग्राम...

नरोत्तम यादव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, मिथुन चौधरी उर्वरक निरिक्षक, सुरेश सोरेन, मनीष लकड़ा, शैलजा साय, कमला चौहान, वंदना पैंकरा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शामिल थे।

## नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत, मेधावियों का सम्मान



रामानुजगंज। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चूनापाथर में बुधवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान कर विद्यालय में स्वागत किया गया। साथ ही पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चूनापाथर की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए 10 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। यह पहल उपसरपंच मनोज गुप्ता के प्रयास से की गई। वहीं मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह ने विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति दिलाने का आश्वासन भी दिया। विद्यालय के प्राचार्य यमुना प्रसाद यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों को विद्यालय से जोड़ना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान लालमन यादव,उदय नारायण पंडो, मनोज गुप्ता, उमाशंकर राम, विनोद कुमार, दिनेश सिंह श्याम, अजीत कुजूर, पंकज चौधरी, गौरीशंकर पटेल, अभय गुप्ता, रविंद्र कुमार, रोहित सिंह, सुशील कुमार, राजेश रवि, राजकेश्वर रवि, देवेंद्र गुप्ता, लालमुन्नी, बंधू राम, जगन्नाथ प्रसाद, शिवकुमार सहित अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गैस सिलेंडर के पाइप लीक होने से झुलसी महिला, मौत

अम्बिकापुर। गैस सिलेंडर से भोजन बना रही महिला पाइप के लीक होने तथा आग लग जाने से आग की चपेट में आ गई। महिला को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोरखनाथपुर निवासी सीताराम पुहूप प्रतापपुर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के रीडर के पद पर पदस्थ है। 1 जुलाई की शाम ड्यूटी कर किराए के रूम में पहुंचा और कमरे में आराम करने लगा। इसी बीच पत्नी श्यामपति (50 वर्ष) किचन में भोजन बनाने लगी। 15 मिनट बाद गैस सिलेंडर के पाइप लीक होने से आग लग गई जिससे महिला आग की चपेट में आ गई। इधर पत्नी शोर मचाने लगी तो पति किचन में गया तो देखा पत्नी आग की चपेट में आने से जल रही थी। किसी तरह आग बुझाने के पश्चात तत्काल प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.)**
क्रमांक /3221/वाचक-2/अपर कले.2026 जशपुर दिनांक 22/06/2026

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लुकेश कुमार सिंह पिता श्री चंद्रप्रकाश सिंह, उम्र 31 वर्ष, जाति गोंड, ग्राम खोरमा तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. असरीता तिर्की पिता श्री विनोद तिर्की उम्र 33 वर्ष, जाति उरावं, ग्राम छेराघोघर तहसील कांसाबेल, जिला जशपुर (छ.ग.) द्वितीय पक्ष ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.07.2026 को दोपहर 03.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष में विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति करना हो तो निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 22.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय, कांसाबेल, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ता इसरोन तिग्गा आ. जोन तिग्गा उम्र 37 वर्ष जाति उरांव ग्राम नरियरडाड़, तह.कांसाबेल, जिला-जशपुर (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं-

1. यह कि शपथकर्ता, उपरोक्त दर्शित पते का स्थायी निवासी है।
2. यह कि शपथकर्ता वर्ष 2010 से आर्मी में नौकरी कर रहे हैं।
3. यह कि शपथकर्ता का सर्विस बुक में इनकी पत्नी का नाम एस्तेर तिग्गा ETHER TIGGA दर्ज है। तथा पुत्र का नाम प्रियांश PRIYANSH दर्ज है।

यह कि शपथकर्ता अपनी सर्विस बुक में सुधार कराते हुए पत्नी का सही नाम एस्तेर तिग्गा EASTHER TIGGA तथा पुत्र का सही नाम प्रियांश तिग्गा PRIYANSH TIGGA दर्ज कराना चाहता है। इसलिए उक्त शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा है।

एस्तेर तिग्गा
**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं इसरोन तिग्गा आ.जोन तिग्गा, जाति उरांव, ग्राम-नरियर डाड़ तह.कांसाबेल, जिला-जशपुर (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की क्र. 1 से 4 तक की सभी कथन सही एवं सत्य है।

एस्तेर तिग्गा
**सत्यापनकर्ता**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

राष्ट्रीय अजजा आयोग की सदस्य ने ली अधिकारियों की बैठक

# जनजातीय अधिकारों की सुरक्षा और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ.आशा लकड़ा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पाटनवार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जनजातीय समुदाय के कल्याण एवं विकास के लिए संचालित योजनाओं, विकासकार्यों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान डॉ. आशा लकड़ा ने विभागवार प्रगति का आकलन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कार्यों की प्रगति अपेक्षित नहीं है, वहां विशेष प्रयास कर गति लाएं। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता, तत्परता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, तभी जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार संभव होगा। बैठक की शुरुआत में डॉ.आशा लकड़ा ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की संवैधानिक भूमिका, अधिकारों एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संविधान के प्रावधानों के तहत किसी भी मामले की जांच के दौरान आयोग को दीवानी न्यायालय के समान अधिकार प्राप्त हैं। आयोग किसी भी व्यक्ति अथवा अधिकारी को समन जारी कर उपस्थित होने के निर्देश दे सकता है, सार्वजनिक अभिलेख तलब कर सकता है तथा आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए निर्देशित कर सकता है।उन्होंने बताया कि आयोग की अनुशंसाएं संबंधित विभागों की कार्रवाई रिपोर्ट के साथ संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत की जाती हैं। इसलिए जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रत्येक शिकायत एवं सुझाव का विधिवत दस्तावेजीकरण कर उस पर गंभीरता से कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी गांव में सड़क, बिजली, पेयजल, विद्यालय, शिक्षक, आंगनबाड़ी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव हो अथवा अनुसूचित जनजाति के किसी व्यक्ति के साथ अन्याय, शोषण, जातिसूचक टिप्पणी या अत्याचार से संबंधित मामला सामने आता है, तो आयोग उसकी सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय अधिकारों की रक्षा और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आयोग पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## शिक्षित समाज ही रखता है विकास, संस्कार की नींव



**जशपुरनगर।** विकास खण्ड फरसाबहार के शासकीय प्राथमिक शाला कदेलकछार में शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक, और गणवेश भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

शिक्षक एवं संकुल समन्वयक मंतोष ताम्रकार ने एकलव्य में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सायकल भेंट की। जिला पंचायत सदस्य दुलारी सिंह एवं जनपद अध्यक्ष हेमंती साय ने नवोदय विद्यालय में चयनित छह विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए साइकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भरत साय, कपिल सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश देवांगन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रविन्द्र नाथ साय, बीआरसी देवेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचि, सरपंच बालक साय, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंगरू साय, संकुल प्राचार्य संतोष कुमार साहू , पालक, एसएमसी सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







